इस दीपावली रोशन करें एक दीया राजकुमारी के नाम

MY FM INITIATIVE

सिटी रिपोर्टर • रोशनी का त्योहार दीपावली नजदीक है। हर कोई अपनी अपनी तैयारी में जुट गया है। बाजार त्योहार की रौनक से सज गया है। जहां एक तरफ सब खुशियां मनाने की तैयारियों में लगे हैं। इस बीच कुछ जिंदगियां ऐसी भी हैं, जिनके लाइफ में सीरीज और पटाखों की रोशनी से चमक नहीं आती।

ऐसी ही एक जिंदगी है रायपुर से 7 किलोमीटर दूर बसे कंडौल में। राजकुमारी शारीरिक बीमारी से पीड़ित है, उनके पिता मजदूर हैं। परिवार में 1 भाई, 2 बहन और माता-पिता हैं। परिवार का गुजारा पिता की मजदूरी से चलता है। इनकी जिंदगी में आप खुशियां ला सकते हैं। और उन खुशियों को राजकुमारी की जिंदगी में भरने 94.3 माय एफएम, लॉर्ड बुद्धा एजुकेशनल सोसाइटी और रायपुर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के सहयोग से लेकर आए हैं एक दीया राजकुमारी के नाम। इस दीपावली माय एफएम के आरजेस से खरीदिए दीये और उनके बदले में डोनेट कीजिये जितना मन करे। आपके द्वारा किया हुआ डोनेशन राजकुमारी की जिंदगी में लाएगा खुशियों की रोशनी। अधिक जानकारी के लिए सुनते रहिए 94.3 माय एफएम जियो दिल से।